सार-समाचार

फरहान ने श्प्रख्यात शूटरश का खिताब जीता

कोटा, (निसं)। दिल्ली विश्वविद्यालय कोटा के पूर्व छात्र मोहम्मद फरहान ने 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप, दिल्ली में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और कोटा का मान बढ़ाया। फरहान ने 25-मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल जूनियर पुरुष वर्ग में 530 और 50-मीटर पिस्टल जूनियर पुरुष वर्ग में 510 अंक हासिल कर भारतीय टीम ट्रायल्स में जगह बनाई। ट्रायल्स के लिए न्यूनतम 500 और 'प्रख्यात शूटर' बनने के लिए 490 अंक की आवश्यकता थी। इसके अलावा, 10-मीटर एयर पिस्टल जूनियर पुरुष वर्ग में फरहान ने 553 अंक अर्जित कर श्प्रख्यात शूटरश का खिताब भी जीता, जहां न्यूनतम 545 अंक की आवश्यकता थी। इन उत्कृष्ट प्रदर्शनों के साथ, फरहान ने न केवल प्रख्यात शूटर का खिताब जीता, बल्कि भारतीय टीम ट्रायल्स में भी जगह बनाई। नेशनल शूटिंग में कोटा का नाम रोशन करने पर खेल-प्रेमियों ने फरहान का भव्य स्वागत किया और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बेहतर खेल प्रदर्शन की उम्मीद जताई। फरहान ने बताया कि वह नियमित अभ्यास करते हैं और पूरा प्रयास करते हैं कि वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और देश का नाम रोशन करें। इस उपलब्धी पर खेल जगत से जुड़े लोगों ने एवं परिजनों ने खुशी जाहिर की है।

बाइक को सामाजिक तत्वों ने लगाई आग

कोटा, (निसं)। शहर के किशोरपुरा थाना इलाके में एक डेयरी के बाहर खड़ी हुई तीन बाइक को सामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। घटना रविवार देर रात पौने तीन बजे के आसपास की है। घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। किशोरपुरा थाना अधिकारी भूरी सिंह का कहना है कि आगजनी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने देर रात को ही मौके पर पहुंच गई थी और दमकल को भी मौके पर बुलाया गया था। विशाल खटाना की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है। दुकान चलाने वाले विशाल खटाना के साले नीरज गुर्जर का कहना है कि यह घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। इसमें साफ नजर आ रहा है कि देर रात 2.40 के आसपास दो युवक आते हैं और खड़ी हुई बाइक का ही पेट्रोल निकालते हैं। इसके बाद उसी में आग लगाकर फरार हो जाते हैं। इसमें दो बाईक और एक स्कूटर पूरी तरह से जल गए हैं। इसके साथ ही दुकान के बाहर धूप से बचाव के लिए लगने वाली कैनोपी भी जल गई है। घटना की जानकारी मिलने पर सभी लोग मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। नीरज गुर्जर का कहना है कि उनके जीजा विशाल की कुछ लोगों से पहले कहासुनी हो गई थी।

राम मंदिर का स्थापना दिवस मनायेंगे

रामगंजमण्डी,(निसं)।विगत वर्ष राम मंदिर स्थापना दिवस रामगंजमंडी के बाजार नंबर 1 शाहजी चौराहे से कस्तूरबा चौक तक रामपथ मौहल्ला ने जिस तरह मंदिर का स्थापना दिवस मनाया था।उसी प्रकार 11 जनवरी को भी तिथि के हिसाब से एक वर्ष पूर्ण होने पर रामलला मंदिर का स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा।उक्त जानकारी देते हुए हरेश पतीरा व लोकेश खंडेलवाल ने बताया कि रामपथ मौहल्ले की एक मीटिंग करके निर्णय लिया गया कि 11 जनवरी को रामपथ मौहल्ले में लाइटों से सजावट की जाएगी जो पूरे 5 दिन रहेगी व पूरे मौहल्ले में दीप प्रज्वलित कर बाज़ार को आलोकित किया जावेगा व रंगोली बनाकर रामपथ को सजाया जाएगा।रामलला की झांकी सजाई जावेगी।साथ ही संध्या को 7 बजे से भव्य सुंदरकांड का आयोजन होगा एवं 51 किलो प्रसाद का वितरण करवाया जाएगा। पूरे दिन स्पीकर से भजन बजाये जावेंगे।साथ ही मकरसंक्रांति (14 जनवरी) पर भी रामपथवासियों द्वारा वर्षो से चल रही बाजार की परम्परा को अक्षुण रखते हुए प्रातः 10 बजे से भंडारा भी किया जावेगा।मौहल्ले के प्रत्येक सदस्य ने मीटिंग में उपस्थित रहकर हर कार्य मे पूर्ण सहयोग का आस्वासन दिया।

पी.पी.गुप्ता उत्कृष्ट सेवा से सम्मानित

कोटा, (निसं)। भारत विकास परिषद की भगत सिंह शाखा इकाई द्वारा रविवार को रावतभाटा रोड़ पर स्थित रोजड़ी के बालाजी परिसर में पोष बड़ा एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह जानकारी शाखा सचिव अशोक जैथलिया ने दी। जैथलिया ने बताया कि शाखा ईकाई के लगभग 200 लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में भगत सिंह शाखा परिवार की ओर से प्रमुख उद्यमी देवकीनंदन ताम्बी व शाखा अध्यक्ष ओमप्रकाश दुसाद, सचिव अशोक कुमार जैथलिया व कोषाध्यक्ष अजय गट्टानी ने समाजसेवी पी.पी.गुप्ता को शाखा ईकाई की ओर से उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया गया

स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। भीमगंजमंडी थाना पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि गश्त के दौरान कोटा रेलवे स्टेशन मोटरसाईकिल स्टेण्ड के पास से मस्जिद गली निवासी राजू मस्ताना को पकड़ा जिसके पास से प्लास्टिक की पैकिंग वाली छोटी थैली में 9 ग्राम 53 मिलीग्राम स्मैक मय बिक्री रकम 2510 रूपये बरामद किये। स्मैक बरामद होने पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए राजू मस्ताना को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पकड़े गये आरोपी से मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में अनुसंधान जारी है।

स्थाई वारंटी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। अनंतपुरा थाना पुलिस टीम ने पांच साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया। शहर एसपी डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि फरार स्थाई वारिंटियों की गिरफ्तारी के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत् अनंतपुरा थानाधिकारी भुपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए धारा-299 सीआरपीसी में पांच साल से फरार स्थाई वारंटी धारूदेखड़ा निवासी हरिशंकर मीणा (36) को गिरफ्तार किया।

अवैध मादक पदार्थ सहित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। अयाना पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अवैध मादक पदार्थ 320 ग्राम गांजा बरामद हुआ। कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि मादक पदार्थ व तस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत इटावा के पुलिस उपअधीक्षक शिवम जोशी के सुपरविजन मे अयाना थानाधिकारी श्याम सुन्दर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति पर संदेह होने पर तलाशी ली तो उसके पास से अवैध मादक पदार्थ 320 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा बरामद होने पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए अयाना निवासी राजू उर्फ राजेन्द्र (35) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

विद्युत सप्लाई 5.00 बजे तक बंद रहेगी

छीपाबड़ौद । सहायक अभियंता ललित गुप्ता ने बताया कि (पवस) जयपुर डिस्कॉम की दिनांक 07.01.2025 मंगलवार को 33/ 11 केवी सब-स्टेशन ढोलम चौराहा से निकलने वाले 11 केवी धान तलाई फिडर पर रख-रखाव का कार्य किया जायेगा । इसलिए 11 के वी धान तलाई फिडर के अंतर्गत आने वाले शाकाहारी हनुमान मंदिर से खेल मैदान तक की विद्युत सप्लाई सुबह बंद रहेगी।

स्लाहे कॉन्फ्रेंस का हुआ भव्य आयोजन

नैनवा । गरीब नवाज सोसायटी द्वारा मदीना मस्जिद में 5 जनवरी रात्रि को राष्ट्रीय इस्लाहे कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए एडवोकेट एएमडी अंसारी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त देश के प्रसिद्ध मशहूर आलिम हजरत सैयद अमीनुल कादरी मालेगांव अध्यक्षता मौलाना मोहम्मद बाकू जयपुर ने की। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अलीम सय्यद अमीनुल कादरी को सुनने के लिए दूर दराज क्षेत्रों से लोग पहुंचे सभी मेहमानों का शहर काजी नईम ने माला पहनकर स्वागत इस्तकबाल किया। कार्यक्रम के दौरान इस्लाम के जानने वाले आलिमों द्वारा समाज को मार्गदर्शन करने वाली बातें बताई। देर रात्रि तक कार्यक्रम हुआ जिसमें दूर दराज से पहुंचे लोगों ने शिरकत की।

कार्यक्रम में सम्मिलित हुए बूंदी विधायक

बूंदी। आजाद पार्क, बूंदी में सिख समाज द्वारा श्री गुरुगोविंद सिंह जयंती ''प्रकाश पर्व'' के अवसर पर आयोजित समागम कार्यक्रम में बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा एवं पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा ने सम्मिलित होकर कार्यक्रम में भाग लिया। शर्मा ने माथा टेकर श्री गुरुवाणी का श्रवण कर आयोजित लंगर में प्रसादी ग्रहण की।इस अवसर पर सिख समाज द्वारा बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा एवं पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

'हाड़ौती की प्रतिभाओं, समाजसेवियों, भामाशाहो का सम्मान अच्छी पहल'

■ कोटा में आयोजित हुआ हाडोती गौरव सम्मान सर्व समाज की 16 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

कोटा, (निसं)। हाड़ौती की विभिन्न क्षेत्र की प्रतिभाएं तथा सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आमजन की सेवा करने वाले हाड़ौती के एवं उत्साह से सेवा का कार्य करने वाले समाजसेवी एवं भामाशाह का सम्मान करना जरूरी है यह उदगार कोटा न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित हाड़ौती गौरव सम्मान 2025 के समारोह के अवसर पर अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ममता तिवाड़ी ने व्यक्त किए।

अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ममता तिवाड़ी ने कहा कि हाड़ौती की प्रतिभाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपने नाम कमाया है उससे दूसरों को प्रेरणा मिलें, आमजन के सुख-दुख में भागीदार बने चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों रसद विभाग परिवहन विभाग रोडवेज विभाग सामाजिक संस्थाएं तथा समाजसेवियों ने सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आमजन को सेवाएं दी, भामाशाहों ने तन-मन-धन से समाज सेवा की उनका सम्मान होना चाहिए जिसे कोटा इंटरनेशनल सोसाइटी के द्वारा दिया जा रहा है जो अच्छी पहल है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर अनिल सिंघल ने कहा कि न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसायटी के द्वारा लगातार इस संदर्भ में सम्मान की पहल की गई है तथा सप्तम हाड़ौती गौरव सम्मान आयोजित किया। इसके लिए सोसाइटी बधाई की पात्र है। सोसायटी के नवाचार की सराहना करते हुए सर्व धर्मो की हर क्षेत्र की प्रतिभाओं के बीच कम्पीटीशन पैदा करने के प्रयासों की सराहना की। भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि हाड़ौती की प्रतिभाओं को सम्मानित करने का जो पुनीत कार्य किया जा रहा है उससे अन्य प्रतिभाओं का हौंसला बढ़ेगा व समाज सेवा के कार्य करने वालों में आपस में होड़ बढ़ेगी। हाड़ौती गौरव सम्मान से प्रतिभाओ का विकास होगा तथा नए सेवाभावी युवाओं में कार्य करने वालों में जोश पैदा होगा। कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी ने कहा कि संभाग के चारों जिलों की प्रतिभाओं का सम्मान वास्तव में एक अनूठा प्रयास है सर्व-समाज की प्रतिभाओं को एक मंच पर लाने का जो बीड़ा न्यू कोट इंटरनेशनल सोसाइटी ने उठाया है उसमें हमारा सहयोग सदैव रहेगा 19 अवसर पर हाड़ौती की विभिन्न पर्यटन स्थल व जिलों मैं पर्यटन की संभावनाओं पर भी तलाश कर कोटा को पर्यटन सर्किट बनाने में योगदान का आव्हान किया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक लेखाधिकारी देवेंद्र सिंह चौहान ने गत 7 वर्षों से समिति के तत्वाधान में हाड़ौती संभाग की प्रतिभाओं के सम्मान की सराहना करते हुए प्रतिभाओं में अधिकाधिक कार्य करने की भावना जगाने के पुनीत उद्देश्य को सराहा। कार्यक्रम संयोजक केके शर्मा कमल ने हाड़ौती गौरव सम्मान के 2018 से अब तक के हुए कार्यक्रमों एवं प्रतिभाओं के संदर्भ में जानकारी देते हुए विभिन्न सेवा प्रकल्पों के बारे में बताया। कोटा जिला संयोजक डॉक्टर अमित व्यास ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया संभागीय सहसंयोजक होलसेल व्यापार संघ के अध्यक्ष पंकज बागड़ी ने अतिथियों का सम्मान करते हुए समिति के कार्य की जानकारी दी। कोटा सम्भाग के चारो जिलों कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़, के, स्वतन्त्रता सैनानी, शहीद परिवारों के परिजन, समाजसेवी, अधिकारी, कर्मचारी, कवि, साहित्यकार, छात्र-छात्राएं, साहित्यकार, उन्नत कृषक, चिकित्सक, शिक्षाविद्, जनसेवक, महिला उत्थान, स्वच्छता, पर्यावरण, जल संरक्षण, खेल, समेत अनेक क्षेत्रो में सर्व-समाज के ख्याति प्राप्त 101 प्रतिभाओं को सम्मानित किया। समारोह के दौरान अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ममता तिवारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर अनिल सिंघल व्यापार महासंघ के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश भारत विकास परिषद के किशन पाठक पुलिस उप अधीक्षक राजेश टेलर, होटल फेडरेशन के महासचिव संदीप पाड़िया, लेखाधिकारी देवेंद्र सिंह चौहान संभागीय सहसंयोजक पंकज बागड़ी पुखराज जैन, दिनेश जैन परमानंद गोयल राजेश पारीक डॉ.अमित व्यास भरत शर्मा श्याम लाल मेहता अध्यक्ष अंजू शर्मा सचिन पुष्पकांत शर्मा हर्षित शर्मा राम सिंह पवार राहुल शर्मा समेत समिति के सदस्य एवं हाड़ौती की प्रतिभाएं उपस्थित रही मंच संचालन प्रसिद्ध एंकर ओम पंचोली ने किया।

बृहद्देव महायज्ञ में गूंजेगी वैदिक ऋचाओं की स्वर लहरी

कोटा, (निसं)। आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग एवं पतंजलि योग समिति कोटा के संयुक्त तत्वावधान में 12 जनवरी 2025 रविवार को होने जा रहे 200 कुंडीय बृहद्देव महायज्ञ आयोजन की तैयारियां उत्साह व उमंग के साथ की जा रही है। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभा के मीडिया प्रतिनिधि मुकेश चड्ढा ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित इस महायज्ञ की आवश्यक तैयारी के लिए आर्य समाज तलण्डी में बैठक आयोजित की गई।

जिसमें आर्य प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के प्रधान अरविंद पांडेय के नेतृत्व में कोटा की समस्त आर्य समाजों के अधिकारी, पतंजलि के प्रतिनिधि व आचार्यगण तथा युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में महायज्ञ को भव्य बनाने के लिए आवश्यक तैयारियां पर चर्चा की गई। इस बारे में जानकारी देते हुए सभा के मीडिया प्रभारी अग्निमित्र शास्त्री ने बताया कि बृहद् महादेव यज्ञ के ब्रह्मा के पूज्य स्वामी रामदेव के शिष्य पतंजलि योग समिति हरिद्वार से आये स्वामी यज्ञदेव रहेंगे, जिन्होंने वैदिक यज्ञ विज्ञान पर गहन अनुसंधान किया है। यज्ञ के ऋत्विक आचार्य शोभाराम व आचार्य अग्नि मित्र शास्त्री होंगे। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए संभागीय प्रधान अरविंद पांडेय ने बताया कि इस अवसर पर भारतीय वेशभूषा में 200 यजमान दंपति यज्ञकुंड पर वेदमंत्रों के साथ आहुतियां प्रदान करेंगे। पतंजलि योग समिति कोटा के संरक्षक एवं कार्यक्रम संयोजक ईश्वरलाल सैनी ने बताया कि कि बृहद्देवयज्ञ के लिए विशेष औषधि युक्त सामग्री का निर्माण किया गया है। यजमान गाय के घी के साथ आहुतियां प्रदान कर परिवार, राष्ट्र तथा विश्व शांति व कल्याण की प्रार्थना करेंगे। सभा के महामंत्री चंद्र मोहन कुशवाहा ने बताया कि इस अवसर पर तीन दिवसीय यज्ञ प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है जिसमें यजमानों को स्वामी यज्ञ देव द्वारा दैनिक अग्निहोत्र करने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। बैठक में सभा के कोषाध्यक्ष राधावल्लभ राठौर, कैलाश बाहेती, भेरोलाल शर्मा, श्योराज वशिष्ठ, रामनारायण कुशवाहा, कैलाश नामा, गणपतलाल तापड़िया, नरेंद्र विजयवर्गीय, अजय सूद, ओमदत्त शास्त्री, मनु सक्सेना, नरेंद्र शर्मा युवा कार्यकर्ता किशन आर्य हरियाणा, एडवोकेट नरेंद्र कुशवाहा, वीरेश आर्य देवेश आर्य तथा प्रमिला गुप्ता उपस्थित रहे।

गुड़ व चारा खिला कर मनाया जन्म दिन

अंता ।भाजपा विधायक डा.कवर लाल मीणा के निजी सहायक निर्मल श्रृंगी का भाजपा कार्यालय अन्ता पहुचने पर विधायक व कार्यकर्ताओ के सानिध्य मे जन्म दिन मनाया गया। तथा शुभकामनाएं दी गई।श्रृंगी ने केवल हसमुख स्वभाव व सहन शीलता ,सरल स्वभाव के धनी हैं अपितु जैसा नाम वैसा ही मन के निर्मल है ।हर समय चेहरे पर मुस्कान उनकी मासूमियत झलकती है।हर समय आम जन की सेवा मे तत्पर रहने वाले का आज भाजपा कार्यालय अन्ता पर माला पहनाकर मुह मीठा करवाते हुए बधाईया दी। इस समय श्रृंगी ने सबको धन्यवाद देते हुए कहा कि मेने आज मेंरे पैतृक गांव इकलेरा मे गायों को चारा व गुड़ खिलाते हुए जन्म दिन मनाया ।इस समय अन्ता विधायक डा.कवर लाल मीणा नगर पालिका चेयरमेन रामेश्वर खडेलवाल चन्द्रशेखर शर्मा ,सहित कई शुभ चिंतकों ने बधाई दी।

यंग इंडियन्स (वाईआई) कोटा चैप्टर ने नए पदाधिकारियों की घोषणा

■ सुश्री ध्रुवी अग्रवाल को यंग इंडियन कोटा चैप्टर की अध्यक्षा और सुश्री साक्षी जैन को सह अध्यक्षा मनोनीत किया

कोटा। यंग इंडियन्स (वाईआई) का कोटा चैप्टर जो कि भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) का एक अभिन्न अंग है, ने वर्ष 2025 के लिए अपने नए पदाधिकारियों की आज घोषणा की, जो चैप्टर की गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। बैठक में सु ध्रुवी अग्रवाल को यंग इंडियन कोटा चैप्टर की अध्यक्षा और सु साक्षी जैन को सह अध्यक्षा मनोनीत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए, जैन और सु अग्रवाल दोनों ने कोटा चैप्टर के समावेशी विकास से संबंधित अपने विचार साझा किये। पूर्व में सु ध्रुवी अग्रवाल वर्ष 2024 में यंग इंडियन्स (वाईआई) कोटा चैप्टर के सह- अध्यक्षा के रूप में कार्यरत थी। फर्नीमिल की दूरदर्शी क्रिएटिव डायरेक्टर सु ध्रुवी अग्रवाल, फर्निचर डिजाइन की दुनिया में कलात्मक प्रतिभा और व्यावसायिक कौशल का एक गतिशील मिश्रण लाती हैं। स्थानों को संरक्षित अभयारण्यों में बदलने के जुनून के साथ, सु ध्रुवी ने खुद को उद्योग में एक अग्रणी शक्ति के रूप में स्थापित किया है। उनकी यात्रा डिजाइन में स्नातक की डिग्री के साथ शुरू हुई, जहाँ उन्होंने स्थानिक एस्थेटिक्स और कार्यक्षमता में अपने कौशल को निखारा। वैश्विक डिजाइन रुझानों से प्रेरणा लेते हुए, वह फर्नीमिल की रचनाओं में नवीनता और परंपरा को सहजता से एकीकृत करती है। वह वर्ष 2023 में यंग इंडियंस में शामिल हुईं और शामिल होने के बाद से कार्यकारी समिति का हिस्सा हैं। उन्होंने मासूम वर्टिकल चैप्टर के तहत काम किया है और वर्ष के दौरान कोटा क्षेत्र में सेफ और अनसेफ टच के बारे में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सु साक्षी जैन वर्ष 2021 से यंग इंडियंस की सक्रिय सदस्य रही हैं और शामिल होने के बाद से ही कार्यकारी समिति का हिस्सा हैं। उन्होंने कोटा चैप्टर के चैप्टर मेंबरशिप वर्टिकल की 2024 में सह अध्यक्ष रहते हुए भी काम किया सदस्यता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अध्यक्ष रहते हुए कोटा चैप्टर के युवा वर्टिकल के लिए काम किया। वह पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (उदयपुर) से स्नातक हैं। उन्होंने पर्ल एकेडमी, जयपुर से फैशन रिटेल मैनेजमेंट का कोर्स भी किया है। उद्यमी के रूप में अपने मूल्यों को परिभाषित कर उनके प्रति सच्चे रहना आवश्यक, आपके मूल्य आपके मार्गदर्शकः- संजय अग्रवाल सीआईआई राजस्थान के वाईस चेयरमैन और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संस्थापक एमडी और सीईओ यंग इंडियन्स (वाईआई) कोटा चैप्टर के वार्षिक अधिवेषन को सम्बोधित करते हुए सीआईआई राजस्थान के वाईस चेयरमैन और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संस्थापक एमडी और सीईओ, संजय अग्रवाल ने सदस्यों को मोटिवेट करते हुए बताया कि अपनी पूरी यात्रा के दौरान, मैं विवेक, जिम्मेदारी, ईमानदारी के अपने मूल्यों के प्रति सच्चा रहा हूँ।

एसोसिएशन की कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न

बून्दी। बून्दी प्रिन्टर्स एसोसिएशन की वार्षिक मीटिंग एवं सातवीं कार्यकारिणी के चुनाव मंशापूर्ण गणेशजी बालचन्द पाड़ा में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले की सभी प्रिन्टिंग प्रेस वालों ने भाग लिया। तत्कालीन अध्यक्ष रईस चौधरी द्वारा धन्यवाद ज्ञाप्ति कर अपने कार्यकाल का लेखा जोखा कोषाध्यक्ष परमेश्वर माहेश्वरी के साथ प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात् नवीन कार्यकारिणी के निर्वाचन की प्रक्रिया सुनील जैन एवं एजाज भाई द्वारा प्रारम्भ की गई। जिसमें सर्वसम्मति से चेतन गुप्ता को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। तत्पश्चात् कार्यकारिणी में मुकुट शर्मा को सचिव, दीपक बिरला को कोषाध्यक्ष, धीरज दाधीच को उपाध्यक्ष, नरेश गुप्ता को सहसचिव एवं लालचन्द को प्रवक्ता घोषित किया गया।

दिगम्बर जैन बघेरखाल संघ का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

बूंदी । आखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन बधेखान संघ की केन्द्रीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एक निजी रिजॉर्ट में रविवार को सम्पन्न हुआ। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन शाखा बून्दी के अध्यक्ष द्वारका लाल मन्त्री , रोटरी क्लब अध्यक्ष महेश पाटोदी , सकल जैन समाज बूंदी के अध्यक्ष संजय जैन , वरिष्ठ चिकित्सक मनोज जैन, पार्षद टीकम जैन , जैन संघ मुख्य चुनाव अधिकारी विमल चोधरी, इन्दोर सघ के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र खटोड, मुख्य संयोजक विमल मडिया कोटा ने द्वीप प्रजवल्लन कर कार्यक्रम की शुरुआत की ।

नन्ही बालिकाओ द्वारा मगलाचरण प्रस्तुत किया । कार्यक्रम में आयुन्तक अतिथियों का प्रान्तीय अध्यक्ष महावीर धनोपया, महामन्त्री ओम प्रकाश ठग. व पदाधिकारीयो के साथ स्थानीय बघेरवाल समाज के अध्यक्षों , यूथ क्लब बूंदी के पदाधिकारियो द्वारा माला व साफ़ा पहनाकर स्वागत किया। केन्द्रीय अध्यक्ष महेन्द्र हरसोरा , महामणी मोहित जैन कोटा ,कोषाध्यक्ष मनीष धनोप्या ,बून्दी मुख्य संयोजक विमल मडिया , कोटा सह संयोगक चांदमल हरमोरा डाबी एवं पदाधिकारियों के साथ-साथ कार्यकारिणी सदस्यों मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा शपथ दीलाई। नवनियुक्त अध्यक्ष द्वारा अपने उद्बोधन में सभी प्रान्तो से आए समाज बन्धुओं का अभिनन्दन एवं आभार व्यन्त किया । साथ ही समाज उत्थान के लिए आने वाले समय में एक ठोस योजना बनाकर सबको साथ लेकर सेवा के कार्यक्रम शुरु करने की बात कही। उपस्थित अतिथियों ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम में मेवाड प्रान्त के अध्यक्ष सुरेश पटवारी , कोटा प्रांत अध्यक्ष राजकुमार सबदरा, समाजसेवी त्रिलोकचंद जैन , मालवा प्रांत महामंत्री विनोद काका , के साथ-साथ बूंदी , कोटा , बिजोलिया ,इंदौर , सिंगोली सहित अन्य स्थानो से आये समाज के लोगों ने पहुंचकर नव निर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी।

पन्द्रह हजार के ईनामी आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। कोटा ग्रामीण की साइबर टीम व मण्डाना पुलिस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए 2023 से अवैध डोडा चूरी तस्करी के मामले में फरार चल रहे 15 हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि वांछित अपराधियों की धरपकड़ में चलाये गये अभियान में कोटा ग्रामीण पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त 15 हजार के इनामी आरोपी बड़वद थाना कामखेडा जिला झालावाड़ निवासी धनाराम उर्फ धनराज को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि कोटा ग्रामीण के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा के सुपरविजन तथा पुलिस उपअधीक्षक राजेश ढाका के नेतृत्व में मण्डाना थानाधिकारी अजय शर्मा व साइबर सेल के सहायक उपनिरिक्षक भुपेन्द्र सिंह ने मय जाप्ता तकनीकी आधार व मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिये मध्यप्रदेश व राजस्थान के कई ठिकानों पर दबिश दी और टीम ने कार्यवाही करते हुए फरार आरोपी धनाराम उर्फ धनराज को हरनावदा शाहजी रोड़ से डिटेन कर गिरफ्तार किया।

यह था मामला-कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि 3 फरवरी 2023 को मण्डाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक्सयुवी से 23 कट्टो में भरे 391 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद किया। कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि पुलिस ने डोडा चूरा बरामद होने पर कार्यवाही करते हुए जिला जोधपुर के सालवांकलां गांव निवासी रामदीन जाखड़ एवं जिला जोधपुर के पीपाड़ शहर निवासी अमृत लाल चौधरी को गिरफ्तार किया था। पकड़े गये दोनों आरोपियों से अनुसंधान में अवैध डोडा चूरा की खेप आरोपी धनाराम उर्फ धनराज से लाना बताया गया। जिसके बाद आरोपी की तलाश की गई। आरोपी की गिरफ्तारी के लिये टीमों का गठन कर जगह-जगह दबिश दी गई लेकिन शातिर आरोपी को बार-बार पुलिस गिरफ्तारी से बचने के लिये मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के कई स्थानों पर फरारी काट रहा था जिसे पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर लिया।